बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर

संख्या: BSUR / 154 / 2026 दिनांक: 07.04.2026

प्रेस विज्ञप्ति

पी. आर. सं.: BSUR / 35 / 2026

बिहार खेल विश्वविद्यालय में 2026–27 सत्र के लिए नामांकन प्रारंभ

बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर (BSUR) को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि खेल शिक्षा, कोचिंग एवं प्रबंधन के क्षेत्र में अपने प्रमुख शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

माननीय कुलपति श्री शिशिर सिन्हा के दूरदर्शी नेतृत्व, कुलसचिव श्री रजनी कांत के प्रशासनिक मार्गदर्शन तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. निशिकांत तिवारी के शैक्षणिक पर्यवेक्षण में बिहार खेल विश्वविद्यालय खेल-शिक्षा, खेल-प्रशिक्षण एवं खेल-प्रबंधन के क्षेत्र में दक्ष पेशेवरों को तैयार करने हेतु प्रतिबद्ध है।

उपलब्ध पाठ्यक्रम:

निम्नलिखित पूर्णकालिक पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन प्रारंभ है:

1. **बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (BPES) –** 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (8 सेमेस्टर), नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप,

2. **पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग (PGDSC) –** 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) (एथलेटिक्स, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी में उपलब्ध), और

3. **पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (PGDSM) –** 1 वर्ष (2 सेमेस्टर)

मान्यता एवं समकक्षता:

1. सभी पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की एकेडमिक एवं एक्टिविटी परिषद से अनुमोदित है तथा UGC के मानकों के अनुरूप है।

2. बिहार खेल विभाग की अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा संचालित PGDSC पाठ्यक्रम को NSNIS पटियाला एवं LNIPE ग्वालियर जैसे संस्थानों के समकक्ष मान्यता प्राप्त है।

महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं आवेदन लिंक:

1. **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ:** 08 अप्रैल 2026
2. **आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 अप्रैल 2026
3. आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जा सकता है: https://bsur.bihar.gov.in/ (होमपेज पर Admissions लिंक के तहत "Online Apply" के माध्यम से)

मुख्य विशेषताएँ:

1. विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं के लिए विश्व स्तरीय खेल अवसंरचना, जिसका उपयोग वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा खेल विभाग, बिहार सरकार और राज्य खेल अकादमी राजगीर की सहमति से किया जा रहा है।
2. अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं (पटना में आयोजित एआईयू पूर्वी क्षेत्र के कुलपति सम्मेलन - 2025 में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित) ।
3. बिहार सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण का प्रावधान।
4. वर्ष 2026 में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी भी (पात्रता पूरी होने की शर्त पर) आवेदन कर सकते हैं।

नामांकन से संबंधित जानकारी हेतु:

अभ्यर्थी संपर्क कर सकते हैं:

📞 9691639627 / 9102380222 / 8210015003
📧 [admission.bsur@gmail.com]

खेल शिक्षा का भविष्य निर्माण:

बिहार खेल विश्वविद्यालय सभी उत्साही एवं प्रतिभाशाली छात्रों को अपने गतिशील शैक्षणिक वातावरण का हिस्सा बनने तथा खेल एवं संबंधित क्षेत्रों में सफल करियर बनाने हेतु आमंत्रित करता है।

7/4/26

(रजनी कान्त)
कुलसचिव
बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर

प्रेषित:

सभी मीडिया प्रतिनिधि
प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया